नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम Kishor Kumar से परिवर्तन कर Kishore Kumar Poswal रख लिया है। भविष्य में मुझे नये नाम से ही जाना पहचाना जावे।

Kishore Kumar Poswal
पता - पोसवाल हाउस, जवाहर नगर, लोहागल रोड, अजमेर

NAME CHANGE

I have changed my name from Prakash Chand S/O Shri Ram to Prakash Chand Khetawat S/O Shri Ram. Address: 177-180, New Bank Colony, Adarsh Nagar, Ajmer Road, District: Beawar, Rajasthan

NAME CHANGE

I have changed my name from Prmlata W/O Prakash Chand Khetawat to Prem Lata Khetawat W/O Prakash Chand Khetawat. Address: 177-180, New Bank Colony, Adarsh Nagar, Ajmer Road, District: Beawar, Rajasthan

आनासागर में सीवरेज का गंदा पानी गिरने पर भागीरथ चौधरी ने नाराजगी जताई

■ उन्होंने अधिकारियों को दो टूक लहजे में चेतावनी दी कि जनता से जुड़े कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

अजमेर, (कासं)। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री और अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की एक बैठक आयोजित की गई। राजीव गांधी विद्या सभागार में आयोजित इस बैठक में जिले के तमाम जन प्रतिनिधियों, अधिकारियों और जिला कलेक्टर की मौजूदगी में विभिन्न सरकारी विभागों की प्रगति रिपोर्ट और जनहित के अटके हुए कार्यों की गहन समीक्षा की गई।

केंद्रीय राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने बैठक के बाद मीडिया से कहा कि 'दिशा' की बैठक हर तीन महीने में विकास कार्यों की समीक्षा और आगामी योजनाओं की रूपरेखा तैयार करने के लिए बेहद महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने अधिकारियों को दो टूक लहजे में चेतावनी दी कि जनता से जुड़े कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सांसद भागीरथ चौधरी ने विश्व प्रसिद्ध आनासागर झील में पिछले 30-32 वर्षों से सीवरेज और गंदे नालों का पानी गिरने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने जिले के आला अधिकारियों को आड़े हाथों लेते हुए कहा, जब तक गंदे पानी की आवक को नहीं रोका जाएगा, तब तक इस ऐतिहासिक धरोहर की महत्ता वापस नहीं लौट सकती। अधिकारियों को इस दिशा में 'टाल-मोल' की नीति छोड़कर स्थाई समाधान निकालना होगा।' उन्होंने सुझाव दिया कि सीवरेज के पानी को ट्रीट कर उसे आस-पास के पार्कों, रास्तों और बाग-बगीचों में पेड़-पौधों के लिए उपयोग में लाया जाए, ताकि आनासागर को प्रदूषित होने से बचाया जा सके।

आगामी मानसून सत्र और बुवाई के सीजन को देखते हुए किसानों की खाद और बीज की चिंताओं पर बोलते हुए केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री ने स्वीकार किया कि वैश्विक परिस्थितियों के चलते अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अशांति के कारण विदेशों से आयात होने वाली खाद की आपूर्ति में कुछ दिक्कतें और आंशिक कमी जरूर आई थी। लेकिन उन्होंने देश के किसानों को आश्वस्त करते हुए बड़ा दावा किया कि आज ही हमारे देश के बंदरगाहों पर रासायनिक खाद की बड़ी खेप पहुंच चुकी है। इस बार पिछले वर्ष की तुलना में सवा गुना अधिक डीएपी, यूरिया और पेस्टिसाइड्स का स्टॉक उपलब्ध कराया गया है। इसलिए अब किसी भी तरह की किल्लत नहीं होगी।

मंत्री ने स्थानीय प्रशासन और अधिकारियों को खाद के वितरण पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए ताकि निचले स्तर पर कोई गड़बड़ी न हो। उन्होंने सहकारिता विभाग को तुरंत किसानों के लिए प्रमाणित बीज और खाद की आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि किसान इस देश का अन्नदाता है, वह भगवान तो नहीं लेकिन भगवान से कम भी नहीं है जो 140 करोड़ की आबादी का पेट भरता है। अगर बुवाई के समय उसे खाद-बीज के लिए परेशान होना पड़े, तो यह हम सबके लिए चिंता का विषय है।'

बैठक के दौरान मंत्री ने मानसून से पहले अन्य महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं को भी दुरुस्त करने के कड़े निर्देश दिए। वर्षा काल में बिजली कटौती या दुर्घटनाओं को रोकने के लिए बिजली के खंभों और लाइनों को दुरुस्त करने को कहा गया।

गारंटी पीरियड में टूटने वाली सड़कों की मरम्मत और स्वीकृत सड़कों के काम में हो रही देरी पर जवाबदेही तय करने की बात कही। सरकारी स्कूलों में क्षतिग्रस्त या जर्जर हो चुके कक्षा-कक्षों के पुनर्निर्माण और स्टाफ की कमी को जल्द दूर करने के निर्देश दिए। ग्रामीण क्षेत्रों के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की हिदायत दी। इस बैठक में जिले के तमाम विभागों के आला अधिकारी और जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं और प्रगति रिपोर्ट को पटल पर रखा, जिस पर केंद्रीय मंत्री ने समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के आदेश दिए हैं।

अधिवक्ता को झूठे मामले में फंसाने का आरोप

■ जिला बार एसोसिएशन ने बड़े आंदोलन की चेतावनी दी

अजमेर, (कासं)। रामगंज थाना क्षेत्र में बीते दिनों दो गुटों के बीच हुए झगड़े के मामले में पुलिस द्वारा एक अधिवक्ता को जबरन घसीटने और आरोपी बनाने का मामला गरमा गया है। जिला बार एसोसिएशन, अजमेर ने पुलिस की इस कार्रवाई पर रोष व्यक्त करते हुए बड़े स्तर पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

जिला बार एसोसिएशन के सचिव रुपेंद्र कुमार परिहार ने मीडिया से बातचीत में बताया कि उनके साथी अधिवक्ता ओमप्रकाश गुर्जर, जो कि चंद्रवरदाई नगर के निवासी हैं, उन्हें पुलिस द्वारा इस मामले में दुर्भावनापूर्ण तरीके से फंसाने का प्रयास किया जा रहा है। परिहार के अनुसार यह घटना इसी महीने की है, जहां दो पक्षों में आपसी मारपीट हुई थी। परिहार ने स्पष्ट किया झगड़े के वक्त अधिवक्ता ओमप्रकाश गुर्जर घटना स्थल पर मौजूद ही नहीं थे। वे घटना स्थल से करीब 500 मीटर दूर चंद्रवरदाई चौराहे के टेंपो स्टैंड पर खड़े थे। इसके बावजूद परिवादी पक्ष के दबाव में पुलिस जानबूझकर उन्हें इस मारपीट के प्रकरण में घसीट रही है और मुलजिम बनाने पर आमादा है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने पुलिस द्वारा आरोपियों के साथ किए गए व्यवहार पर भी सख्त आपत्ति जताई है। बार सचिव ने आरोप लगाया कि पुलिस ने पकड़े गए मुलजिम पक्ष के लोगों का जुलूस निकाला और बैरक के भीतर उनके साथ बेरहमी से मारपीट की। उन्होंने इसे भारतीय संवैधानिक व्यवस्था और मानवाधिकारों का खुला उल्लंघन बताया है। उन्होंने कहा कि किसी भी अधिवक्ता को दुर्भावनापूर्वक झूठे मुकदमे में फंसाया गया, तो अजमेर का अधिवक्ता शांत नहीं बैठेगा और पुलिस प्रशासन के खिलाफ उग्र आंदोलन की शुरुआत की जाएगी।

ब्यावर में कांग्रेस जिला स्तरीय कार्यक्रम आज

ब्यावर (निसं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार तथा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी छात्रों की गूंज अभियान के तहत जिला कांग्रेस कमेटी ब्यावर द्वारा एक महत्वपूर्ण जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिला कांग्रेस कमेटी ब्यावर के अध्यक्ष किशोर चौधरी के नेतृत्व में यह कार्यक्रम 24 जून 2026 (बुधवार) को प्रातः 10 बजे केसरीनन्दन गार्डन, सतपुलिया, ब्यावर में आयोजित होगा। ब्लॉक अध्यक्ष एडवोकेट अजय शर्मा ने बताया कि देश वर्तमान में शिक्षा एवं रोजगार के गंभीर संकट से गुजर रहा है। लगातार हो रहे परीक्षा पत्र लीक, प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताएं, भर्ती प्रक्रियाओं में देरी, बढ़ती बेरोजगारी तथा शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त अव्यवस्थाओं से देश का युवा वर्ग गहरे स्तर पर प्रभावित हो रहा है। कांग्रेस पार्टी इन मुद्दों को जन-जन तक पहुंचाने तथा युवाओं की आवाज को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से यह अभियान चला रही है। कार्यक्रम में शिक्षा एवं रोजगार से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा तथा युवाओं, विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं आमजन की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार कार्यक्रम में कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा विद्यार्थियों एवं युवाओं के मुद्दों पर रखे गए विचारों एवं प्रस्तुति का भी प्रदर्शन किया जाएगा।

पेपर लीक व संस्थाओं की विफलताओं से देश के युवा अवसाद में : विकास चौधरी

■ उन्होंने कहा देश में बुनियादी स्कूली शिक्षा से लेकर उच्च और व्यावसायिक प्रशिक्षण तक, हर स्तर पर शिक्षा व्यवस्था को भ्रष्टाचार व प्रशासनिक अक्षमता ने पूरी तरह जकड़ लिया है

मदनगंज-किशनगढ़, (निस)। विधायक डॉ विकास चौधरी ने केंद्र सरकार की कथित नीतियों के साथ राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसियो की विफलता को लेकर कड़ा प्रहार करते हुए आरोप लगाया की नितरोज पेपर लीक होने बच्चो के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। विधायक चौधरी मंगलवार को होटल कुमकुम में प्रेस से रूबरू थे। उन्होंने कहा देश में बुनियादी स्कूली शिक्षा से लेकर उच्च और व्यावसायिक प्रशिक्षण तक, हर स्तर पर शिक्षा व्यवस्था को भ्रष्टाचार व प्रशासनिक अक्षमता ने पूरी तरह जकड़ लिया है।

इसका सबसे बड़ा खामियाजा देश के होनहार युवाओं को भुगतना पड़ रहा है। विधायक चौधरी ने कहा की देश की सबसे प्रतिष्ठित परीक्षाएं सहित एजेंसियां जैसे नीट, सीबीएसई, पीएससी, व्यापम आदि लगातार विफल साबित हो रही हैं। संस्थाओं में हो रही लगातार धांधलियों और पेपर लीक ने पूरी परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता को खत्म कर दिया। परीक्षाओं के अचानक रद्द होने, पेपर लीक होने और छात्रों को बार-बार दोबारा परीक्षा देने के लिए मजबूर किए जाने के कारण युवाओं में मानसिक तनाव, निराशा और असुरक्षा का माहौल पैदा हो गया है। हताशा के परिणामस्वरूप छात्र आत्महत्या जैसी आत्मघाती कदम उठाने को मजबूर हैं, जो पूरे समाज के लिए चिंता का विषय है। सरकार की रहस्यमय चुप्पी युवाओं के प्रति संवेदनहीनता को दर्शाती है।

युवाओं के साथ हो रहे इस घोर अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद करने के लिए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में कोटा से एक देशव्यापी अभियान की शुरुआत की जा चुकी है। अभियान का मुख्य उद्देश्य वर्तमान शिक्षा एवं परीक्षा प्रणाली की व्यवस्थागत विफलताओं को उजागर कर छात्रों की चिंताओं को प्रभावी ढंग से जनता के सामने लाना है।

अजमेर ग्रामीण में 20 से 27 जून के मध्य ब्लॉक, जिला स्तर पर निरंतर प्रेस वार्ताओं के अलावा जन प्रस्तुतियों का आयोजन सुनिश्चित किया जा रहा है। इस दौरान पूर्व मंत्री नसीम अख्तर, पूर्व विधायक रामनारायण गुर्जर, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष मोहित खंडेलवाल, सत्यनारायण बटेश्वर, प्रतिपक्ष नेता हमीदा बानों, जगदीप गुर्जर, एडवोकेट विश्राम चौधरी सहित कई कांग्रेसजन मौजूद रहे।

आनासागर झील में सफाई अभियान जारी

अजमेर, (कासं)। शहरी सेवा शिविर के तहत आनासागर झील एवं आसपास के क्षेत्रों में सफाई कार्य निरंतर जारी रहा। नगर निगम के अधीक्षण अभियंता मनोहर सोनगरा ने बताया कि पुरानी विश्राम स्थली एवं ट्राम्बे वर्कशॉप क्षेत्र में कार्यरत दो टीमों द्वारा 3 ट्रॉली मलबा निकाला गया। लिंक रोड, एनसीसी जेट्टी एवं रामप्रसाद घाट क्षेत्र में डी-वीडिंग मशीन के साथ कार्य करते हुए एक टीम द्वारा 1 डम्पर मलबा हटाया गया। 77 रेस्टोरेंट के बाहरी पाथवे क्षेत्र में एक टीम द्वारा 2 ट्रैक्टर मलबा निकाला गया। एल.आर. पॉकेट लेन क्षेत्र में सफाई टीम द्वारा 8 डम्पर मलबा हटाया गया। भवाल माता मंदिर एवं जी मॉल के पीछे स्थित वॉटर चैम्बर क्षेत्र में एक टीम द्वारा 3 ट्रॉली मलबा निकाला गया। वहीं जेसीबी की सहायता से एक अन्य टीम द्वारा 6 डम्पर मलबा हटाया गया। आज के सफाई अभियान के दौरान आनासागर झील एवं आसपास के क्षेत्रों से कुल 15 डम्पर एवं 8 ट्रॉली मलबा निकालकर क्षेत्र को स्वच्छ बनाया गया।

मसूदा में अग्निवीरों का स्वागत

मसूदा, (कासं)। अजमेर जिले के मसूदा उपखण्ड क्षेत्र में छह माह की ट्रेनिंग पूरी कर घर लौटे अग्निवीर जवानों का जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं ग्रामीणों द्वारा पलक-पांवड़े बिछाकर भव्य स्वागत किया गया। क्षेत्रवासियों ने देश की रक्षा करने वाले वीर जवानों को सैल्यूट कर उनका सम्मान किया।

अग्निवीरों के गांव पहुंचते ही खुशी का माहौल बन गया। जगह-जगह साफा एवं मालाएं पहनाकर जवानों का अभिनंदन किया गया। डीजे और देशभक्ति गीतों के साथ भव्य तिरंगा रैली निकाली गई, जिसमें ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर जवानों का स्वागत किया। महिलाओं ने मंगल गीत गाए और देशभक्ति गीतों पर नृत्य करती नजर आईं। पूरा क्षेत्र मानो देशभक्ति के रंग में रंग गया।

अरुण चतुर्वेदी ने शिविर में लंबित मामलों के समाधान के निर्देश दिए

अजमेर, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने कहा है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार लगातार जनता के द्वार पहुँचकर आम आदमी की समस्याओं का त्वरित समाधान कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार इसी सेवा भाव और सिद्धांत के साथ प्रदेश भर में शहरी और ग्रामीण शिविरों का आयोजन कर रही है। अरुण चतुर्वेदी ने यह बात अजमेर में आयोजित शहरी सेवा शिविर का औचक निरीक्षण करने के दौरान मीडिया से बातचीत में कही। अजमेर आगमन पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अचानक शहरी सेवा शिविर का जायजा लेने पहुंचे। शिविर की व्यवस्थाओं और वहाँ मौजूद अधिकारियों व कर्मचारियों की कार्यप्रणाली को देखने के बाद उन्होंने संतोष व्यक्त किया। चतुर्वेदी ने कहा कि सरकार ने जिस सेवा भाव के साथ इन शिविरों की शुरुआत की है, कर्मचारी भी उसी तत्परता और संवेदनशीलता के साथ अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान कुछ ऐसे मामले भी सामने आए जो लंबे समय से लंबित थे, जिन पर उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों से चर्चा की और तुरंत समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कर्मचारियों से आग्रह करते हुए कहा यह केवल सरकार का काम नहीं है, बल्कि हम सभी के लिए जनता की सेवा करने का एक बड़ा अवसर है। वर्षों से अटकी हुई जितनी भी समस्याएं हैं, यदि उनका नियमानुसार त्वरित समाधान किया जाएगा, तो न केवल हम सरकार के प्रति अपने कर्तव्यों का सही निर्वहन करेंगे, बल्कि जिस सेवा भाव के निमित्त हम जीवन में आगे बढ़े हैं, उस उद्देश्य को भी पूरा कर सकेंगे।

लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ से बाबूलाल जाजू ने मुलाकात की

भीलवाड़ा(निसं)। पर्यावरण संरक्षण एवं प्राकृतिक विरासतों के संरक्षण को लेकर सिटी पैलेस उदयपुर में पर्यावरणविद् एवं इंटैक भीलवाड़ा चैप्टर के संयोजक बाबूलाल जाजू ने महाराणा मेवाड़ चेरिटेबल फाउंडेशन के ट्रस्टी एवं राजपरिवार के सदस्य लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ से भेंट कर गंभीर चर्चा की। बाबूलाल जाजू एवं गौरव जाजू ने मेवाड़ को पौधा लगा गमला एवं अमृतादेवी विश्नोई की तस्वीर भेंट करते हुए देश में वनों के संरक्षण, जल स्त्रोतों नदी, तालाब, झीलों के संरक्षण, जैव विविधता के संवर्धन, ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण तथा समाज में पर्यावरण एवं वन्य जीव के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता के बारे में बताया। पॉलीथिन से हो रहे नुकसान पर भी गहन चर्चा की। लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने भी पर्यावरण संरक्षण एवं विरासत संवर्धन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि मेवाड़ की परंपरा सदैव प्रकृति, जल स्त्रोतों, वन्य जीवों तथा ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण की रही है।

समाज और विभिन्न संस्थाओं की सहभागिता से ही पर्यावरणीय चुनौतियों का प्रभावी समाधान संभव है। उन्होंने युवाओं को इस दिशा में आगे आने तथा जनजागरण अभियान चलाने की आवश्यकता पर गहन चर्चा की। भेंट के दौरान मेवाड़ ने जाजू के पर्यावरण, वन्यजीव एवं विरासतों के संरक्षण की प्रशंसा की और इनके संरक्षण में सहयोग के लिए प्रतिबद्धता दर्शायी।

खोया-पाया

यह कि मेरे पक्षकार ईलियास पुत्र आबदार खां जाति देशवाली निवासी पुरानी ईदगाह के पास चवेली उँटडा अजमेर 305023 की यूनियन बैंक ऑफ इडिया शाखा गंगवाना अजमेर की मेरी असल चैक बुक कही खो गई है, जिसकी गुमशुदगी रिपोर्ट भी दर्ज करवा दी है व बैंक को सूचित कर चुका हूं, जिसको भी मिले अविलम्ब सूचित करे, जिसका कोई भी दुरूपयोग न करे मिलने पर निम्न मोबाईल नंबर 9929973281 पर सूचित करे ईलियास

प्रकाश रावत एडवोकेट 8426844068

कार्यालय नगर परिषद, किशनगढ़ जिला - अजमेर (राज)

क्रमांक / नपकि / उद्यान / 2026 / 10 दिनांक 19.06.2026

ई-निविदा सूचना संख्या 01/2026-2027

नगर परिषद किशनगढ की ओर से नगर परिषद किशनगढ एवं राजकीय विभाग में नियमानुसार निर्धारित श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्रों में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रकिया सेनगर परिषद क्षेत्र में लगे पार्को मे लगे पौधो की देखरेख व पानी पिलाने का कार्य हेतु बागवान आपूर्ति कार्य। हेतु ऑन लाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। कार्य की निविदा बेचे जाने की दिनांक 20/06/2026 को प्रातः 09.00 बजे से तथा प्राप्त करने की दिनांक 30/06/2026 को सायं 06.00 बजे तक एवंनिविदा शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in/ व https://eproc.rajasthan.gov.in/ पर देखी जा सकती है।

यूबीएन नं. DLB2627A3343
राज.संवाद / सी / 26 / 5514 आयुक्त, नगर परिषद, किशनगढ

कार्यालय नगरपालिका मण्डल, परबतसर जिला डीडवाना-कुचामन राज.

क्रमांक-न.पा.प/भूमि/2026-27/1116 आपत्ति -आमंत्रण सूचना दिनांक: 22.6.2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित आवेदक ने भू-उपयोग परिवर्तन (आवासीय से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ) करवाने हेतु कार्यालय नगरपालिका परबतसर में आवेदन किया है। जिनका विवरण निम्नानुसार है।

क्र.सं.	नाम प्रार्थी/पिता का नाम एवं निवासी	खसरा नम्बर/पट्टा	भूमि का क्षेत्रफल	पड़ौस	प्रयोजनार्थ
1.	श्रीमती निर्मला देवी पत्नी श्री हरि राम निवासी लीलो की ढाणी ग्राम हुलढाणी तह. परबतसर	पट्टा सं. 344814 दिनांक 6.3.2026	कुल क्षेत्रफल 1754.55 वर्गफिट	पूर्व : 100 फिट किशनगढ़ रोड पश्चिम : खसरा नं. 1984 उत्तर : खसरा नं. 3091/1995 की जमीन दक्षिण : खसरा नं. 3085/1995 की जमीन	आवासीय से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ

अतः उपरोक्त व्यक्तियों / आवेदक के नाम भू-उपयोग परिवर्तन (आवासीय से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ) करने में किसी संस्था या व्यक्ति को कोई आपति हो तो 07 दिवस में कार्यालय नगरपालिका परबतसर में उपस्थित होकर मय दस्तावेज आपति प्रस्तुत करें, अवधि मियाद उपरांत आपति स्वीकार नही होगी, निर्धारित अवधि में आपति प्राप्त नहीं होने पर पत्रावली में नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका परबतसर

कार्यालय नगरपालिका मण्डल, परबतसर जिला डीडवाना-कुचामन राज.

क्रमांक-न.पा.प/भूमि/2026-27/1114 आपत्ति -आमंत्रण सूचना दिनांक: 22.6.2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित आवेदक ने भू-उपयोग परिवर्तन (आवासीय से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ) करवाने हेतु कार्यालय नगरपालिका परबतसर में आवेदन किया है। जिनका विवरण निम्नानुसार है।

क्र.सं.	नाम प्रार्थी/पिता का नाम एवं निवासी	खसरा नम्बर/पट्टा	भूमि का क्षेत्रफल	पड़ौस	प्रयोजनार्थ
1.	श्रीमती लखविन्दर कोर पत्नी श्री बलवन्त सिंह निवासी इण्डस्ट्रीयल एरिया के पास राजस्थान मार्बल धार रोड गोल मेला के पास उदयपुर जिला उदमपुर जम्मू-कश्मीर	पट्टा सं. 344821 दिनांक 6.3.2026	कुल क्षेत्रफल 1517.76 वर्गफिट	पूर्व : 100 फिट किशनगढ़ रोड पश्चिम : खसरा नं. 1984 उत्तर : खसरा नं. 3095/1995 की जमीन दक्षिण : खसरा नं. 3084/1995 की जमीन	आवासीय से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ

अतः उपरोक्त व्यक्तियों / आवेदक के नाम भू-उपयोग परिवर्तन (आवासीय से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ) करने में किसी संस्था या व्यक्ति को कोई आपति हो तो 07 दिवस में कार्यालय नगरपालिका परबतसर में उपस्थित होकर मय दस्तावेज आपति प्रस्तुत करें, अवधि मियाद उपरांत आपति स्वीकार नही होगी, निर्धारित अवधि में आपति प्राप्त नहीं होने पर पत्रावली में नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका परबतसर

कार्यालय नगर निगम अजमेर

क्रमांक: न.नि.अ./26-27/94 आपत्ति सूचना दिनांक: 22/6/2026

श्री अजीत सिंह यादव पुत्र श्री मायाराम यादव निवासी 716ए तीसरी गली बिहारी गंज, अजमेर द्वारा एक भूखण्ड जो वाके सात पीपली बालाजी बिहारी गंज, अजमेर में स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 106.46 वमी है भूमि के आवासीय से व्यावसायिक वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यावसायिक मानचित्र हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएँ निम्नानुसार है।

पूर्व : नसीराबाद रोड पश्चिम : नाला
उत्तर : सुशीला देवी की सम्पति दक्षिण : श्री लड्डू गोपाल की सम्पति

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपति प्रस्तुत कर सकता है। बाद मियाद किसी भी आपति पर विचार नहीं किया जायेगा।

उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

कार्यालय, प्राधिकृत अधिकारी नगर परिषद किशनगढ, अजमेर

क्रमांक/न.प.कि /प्रा.अ./कृ.भू.नि./2026/627 लोक सूचना दिनांक : 23.06.2026

आवेदक 1. श्री अर्जुन मीणा पुत्र श्री रामचन्द मीणा, 2. श्रीमती उषा मीणा पत्नी श्री देवचंद मीणा, 3. श्री गणेश राम पुत्र श्री रामचन्द, 4. श्रीमती सीता देवी पत्नी श्री रामचन्द निवासी मदनगंज किशनगढ जिला अजमेर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्

तहसील और जिले का नाम	राजस्व ग्राम का नाम	खसरा सं.	क्षेत्र
किशनगढ़-अजमेर	फरासिया	311/56	14967.00 वर्गमीटर में से 7061.00 वर्गमीटर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक............को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी आयुक्त नगर परिषद किशनगढ़

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़ (अजमेर) राजस्थान

क्रमांक- न.प.कि/कृषि भूमि नियमन/2026/391 आम सूचना दिनांक : 16.06.2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद किशनगढ़ में राजस्व ग्राम मदनगंज खसरा 40 भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 111.11 वर्गगज का आवासीय प्रयोजनार्थ पट्टा चाहने हेतु कृषि भूमि नियमन के तहत् आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदित भूखण्ड नियमन में संबंधित किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपति हो तो इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय को लिखित में आपत्तियां/मय साक्ष्य / विवरण सहित कार्यालय समय में दर्ज करावें।

क. सं.	प्रार्थी का नाम	राजस्व ग्राम का नाम एवं खसरा नं व क्षेत्रफल	प्रस्तावित कृषि भूमि नियमन
1.	श्री कैलाश चंद दर्जी पुत्र श्री शिवलाल निवासी ग्राम सिनोदिया तहसील रूपनगढ़ जिला अजमेर	मदनगंज खसरा 40 111.11 वर्गगज	आवासीय प्रयोजनार्थ पट्टा चाहने हेतु

आयुक्त, नगर परिषद, किशनगढ़।

कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राज.

गांधी उद्यान -ब्यावर रोड, बिजयनगर

टैलीफोन नम्बर 01462-230051 ई-मेल :-npvijaynagar@gmail.com

क्रमांक न.पा.बि/भूमि/2026/1422 आम सूचना दिनांक : 22.6.2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि निम्न वर्णित आवेदक ने कृषि भूमि पर बसी निम्न कोलोनियों में कृषि भूमि नियमन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, जिन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाकर पट्टे दिये जायेगें। अतः इन भूखण्डों के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपति हो तो मय दस्तावेजो / प्रमाण के 7 दिवस की अवधि में कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर देवें। समयावधि गुजर जाने के बाद कोई आपति मान्य नहीं होगी।

क्र.सं	आवेदक क्रमांक	आवेदक का नाम	योजना/ग्राम का नाम	खसरां सं.	भू.सं	क्षेत्रफल
1.	LD/VJNR/ 2026-27/334413	हनीफ मोहम्मद/बरकत खां	चौसला बिजयनगर	4114	09 का उतरी हिस्सा	55.74 वर्गमीटर

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

मूल आवंटी / अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की थोक तेलियान योजना के आवासीय भूखण्ड सख्या B-2 खसरा न 1369,1371 क्षेत्रफल 82.11 वर्ग गज आवंटी / अन्तरिति (1) रेवाचन्द रामचन्दनी पुत्र वीरूमल (2) श्रीमती कौशल्या देवी सोनी पत्नि दोलतराम सोनी निवास (1) देहली गेट अजमेर (2) 457 मोती कटला अजमेर जिसमे रेवाचन्द रामचन्द्रानी की मृत्यु दिनांक 14/12/25 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक रेवाचन्द रामचन्द्रानी के वारिसो सलंग्न कर वारिसो क्रमश (1) श्रीमती सीमा रामचन्द्रानी पत्नि स्व रेवाचन्द रामचन्द्रानी (2) श्रीमती रजनी रामचन्द्रनी पुत्री स्व रेवाचन्द रामचन्दनी (3) राजेश रामचन्द्रानी (4) भरत रामचन्द्रानी पुत्रगण स्व रेवाचन्द्र रामचन्द्रानी निवासी अजमेर द्वारा अपने सहहिस्सेदार भरत रामचन्द्रानी पुत्र स्व रेवाचन्द्र रामचन्द्रानी निवासी गणपति नगर गली न 2 दयानंद कॉलोनी के पास 23 / ए अजमेर के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 27/3/26 के आधार पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबध मे किसी को आपति हो तो सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर आपति प्राधिकरण कार्यालय मे दर्ज करावें उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपति स्वीकार योग्य नही होगी व आवेदको के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी

योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

मूल आवंटी / अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की थोक तेलियान योजना के आवासीय भूखण्ड सख्या B-1 खसरा न 1369,1371 क्षेत्रफल 72.83 वर्ग गज आवंटी / अन्तरिति (1) रेवाचन्द रामचन्दनी पुत्र वीरूमल (2) श्रीमती कौशल्या देवी सोनी पत्नि दोलतराम सोनी निवासी 1 देहली गेट अजमेर 2 457 मोती कटला अजमेर जिसमे रेवाचन्द रामचन्द्रानी की मृत्यु दिनांक 14/12/25 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक रेवाचन्द्र रामचन्द्रानी के वारिसो सलंग्न कर वारिसो क्रमश (1) श्रीमती सीमा रामचन्द्रानी पत्नि स्व रेवाचन्द्र रामचन्द्रनी (2)श्रीमती रजनी रामचन्द्रनी पुत्री स्व रेवाचन्द्र रामचन्दनी (3) राजेश रामचन्द्रानी (4) भरत रामचन्द्रानी पुत्रगण स्व रेवाचन्द्र रामचन्द्रानी निवासी अजमेर द्वारा अपने सहहिस्सेदार भरत रामचन्द्रानी पुत्र स्व रेवाचन्द्र रामचन्द्रानी निवासी गणपति नगर गली न 2 दयानंद कॉलोनी के पास 23 / ए अजमेर के पक्ष मे निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 27/3/26 के आधार पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है उक्त नामान्तरण किये जाने के संबध मे किसी को आपति हो तो सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर आपति प्राधिकरण कार्यालय मे दर्ज करावें उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपति स्वीकार योग्य नही होगी व आवेदको के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय नगर पालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान

क्रमांक -न.प.बि/निर्माण स्वी./2024/1478 आम सूचना दिनांक : 22.6.2026

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस मे मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद, गुजरने पर कोई उज्र / आपति मान्य नही होगी।

भवन निर्माण				
फाइल नं.	आवेदनकर्ता का नाम	भूखण्ड का विवरण	भूखण्ड का नाप	प्रयोजनार्थ
47	भरतलाल शर्मा पुत्र मोहनलाल शर्मा	मधुवन विहार कॉलोनी बिजयनगर ख.सं. पुराना 179/2 नया 756/179 भू.सं. 16	116.12 SQ.MTR	आवासीय
48	हेमराज सेन पुत्र रामचन्द्र सेन	मधुवन विहार कॉलोनी बिजयनगर ख.सं. पुराना 179/2 नया 756/179 भू.सं. 31	116.12 SQ.MTR	आवासीय
49	हेमराज सेन पुत्र रामचन्द्र सेन	मधुवन विहार कॉलोनी बिजयनगर ख.सं. पुराना 179/2 नया 756/179 भू.सं. 32	116.12 SQ.MTR	आवासीय

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर